एक नजर में

## भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**आलीराजपुर।** जिले के बरझर ग्राम पंचायत के तंबोलिया फलिया में स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु, ग्रामीणजन और धर्मप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भगवान की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण जिसमे सीमेंट, टाइल्स, कलर,प्लास्टर , शिखर ,मूर्ति स्थापना के लिए अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए 2,51,000 (दो लाख इक्यावन हजार रुपये) की सहयोग किया है विधायक पटेल दंपति के इस योगदान की उपस्थित श्रद्धालुओं और ग्रामीणों मंदिर समित ने सराहना की तथा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत 12 मार्च से 14 मार्च तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ, पूजन और आरती का आयोजन किया गया। पहले दिन पंचांग पूजन, कलश यात्रा और मूर्तियों का जलाधिवास एवं पुष्पाधिवास संपन्न हुआ। दूसरे दिन मंडल पूजन, यज्ञ प्रारंभ, नवीन मूर्तियों का विभिन्न वैदिक विधि-विधान से अभिषेक और आरती की गई। अंतिम दिन मुख्य कार्यक्रम के रूप में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा विधि संपन्न हुई तथा महाआरती के बाद कन्या पूजन भोज का आयोजन किया गया श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर आदिवासी विकाश परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष पटेल ने कहा कि मंदिर और धार्मिक स्थल हमारी संस्कृति, आस्था और परंपरा के केंद्र होते हैं। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, एकता और धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। आचार्य पंडित कमलेश नागर के मार्गदर्शन में सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## ई-दक्ष केंद्र जनपद पंचायत आलीराजपुर में सूचना का अधिकार अधिनियम पर दो दिवसीय प्रशिक्षण

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारियों के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 17 एवं 18 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ई-दक्ष केन्द्र, जनपद पंचायत परिसर, जिला आलीराजपुर में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने संबंधित अधिकारियों को नामांकित कर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित कराएं तथा सूचना का अधिकार अधिनियम पर प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित करे।

## कलेक्टर ने किया पेटलावद सिविल अस्पताल का निरीक्षण



**पेटलावद।** बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को जिले की चिन्हित शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर नेहा मीना ने पेटलावद सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर एचपीवी टीकाकरण अभियान की जानकारी लेकर पात्र बालिकाओं का टीकाकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारण कर टीकाकरण का कार्य पूर्ण करे। बीएमओ डॉ. एम एल चोपड़ा द्वारा बताया गया कि आशा एवं एएनएम के माध्यम से पात्र बालिकाओं का टीकाकरण प्रतिदिन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन 45 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा टीकाकरण हेतु अस्पताल में उपस्थित बालिकाओं से संवाद किया गया तथा इनसे कहा कि आप स्वयं टीका लगवाये तथा अपने परिचित साथी बालिकाओं को वैक्सीन केलाभ बताएं एवं वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित करे ताकि बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। कलेक्टर द्वारा वैक्सीन लगवा चुकी बालिकाओं को डिजिटल टीकाकरण प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद सुश्री तनुश्री मीणा, तहसीलदार श्री अनिल बघेल, नायब तहसीलदार एवं अन्य उपस्थित रहे।

## हनुमान टेकरी पर हिंदू नववर्ष पर 1008 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**झाबुआ।** हिंदू नववर्ष चैत्र प्रतिपदा गुडीपड़वा के पावन अवसर पर श्री हनुमान टेकरी पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन रखा गया है।





यह पाठ 19 मार्च, गुरूवार रात 8 बजे से प्रांरभ होगा। साथ ही चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री हनुमान टेकरी पर प्रात: 07 .30 बजे तक रामायण पाठ किया जाएगा। उक्त हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन श्री संकट मोचन सेवा समिति अध्यक्ष परम् पूज्य स्वामी श्री हरीप्रकाशदासजी, सालंगपुर के दिशा-निर्देशानुसार आयोजन किया जाएगा। श्री संकट मोचन सेवा समिति के प्रेमअदीपसिंह पंवार, मनोज सोनी, हरीभाई सतोगिया, अरूण भावसार, गजेन्द्रसिंह चन्द्रावत, मुकेश नीमा, लोकेश दवे, सचिन जोशी, पियूष पटेल, मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी, शुभम राठौड़, प्रवीण श्रीवास, नवीन पाठक, पल्लूसिंह चौहान, अशोक चौहान, राकेश झरबड़े, सुशीलसिंह सिसौदिया, मोहित पुरोहित, पवेन्द्रसिंह चौहान, तरूण बैरागी, पुष्पेन्द्र नीमा महिलाओं मे नीता भावसार, शीतल चौहान, रंजना चन्द्रावत, पुष्पा नीमा, माया बैरागी, लक्ष्मी झरबड़े आदि ने समस्त भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है। उक्त आयोजन बाद समिति की श्री हनुमान जन्मोत्सव के तारतम्य में विशेष बैठक का आयोजन भी रखा गया है।


## घर-घर जाकर आमंत्रण पत्रिकाओं का हो रहा वितरण

**झाबुआ।** करने वाला श्याम एवं कराने वाला श्याम परिवार द्वारा 18 से 20 मार्च तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय श्री श्याम जन्म कथा का भव्य प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसमें कथा की आमंत्रण पत्रिकाएं शहर के सभी समाज बंधुओं के साथ आसपास रानापुर, मेघनगर रंभापुर, बोरी, थांदला एवं दाहोद आदि स्थानों पर भी आमंत्रण-पत्र प्रदान किए जा रहे है। और सभी से कथा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने हेतु भावभरी अपील की जा रहीं है। जिसमें समिति की मातृशक्ति भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहीं है। 18 मार्च, बुधवार को शहर में निकाली जाने वाली भव्य निशान यात्रा में सम्मिलित होने का आह्वान भी सभी से किया जा रहा है।

# नगारची समाज का टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, रतलाम विजेता

**झाबुआ।** अखिल भारतीय पश्चिम मप्र नगारची समाज जिला झाबुआ द्वारा 14 और 15 मार्च को दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय कॉलेज मैदान पर किया गया। जिसमें प्रथम दिन टीमों के बीच लीग मैच खेले गए।

दूसरे दिन क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले हुए। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के जगदीश पंवार ने बताया कि 15 मार्च, रविवार को पहला क्वार्टर मैच झाबुआ और भाटपचलाना के बीच खेला गया, जिसमें झाबुआ विजय रहीं। द्वितीय क्वार्टर फाइनल बेटमा रॉयल और एसडी रतलाम के बीच खेला गया, जिसमें रतलाम विजय रहीं।पहला सेमीफाइनल झाबुआ वर्सेस



कल्याणपुरा के बीच हुआ। जिसमें झाबुआ ने पहले खेलते हुए निर्धारित 8 ओवर में 166 रन बनाएं और बदले में कल्याणपुरा 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दूसरा सेमीफाइनल नागदा लीजेंड और एसडी रतलाम के बीच खेला गया। जिसमें नागदा ने 93 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसे रतलाम ने 5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। तीसरा सेमीफाइनल नागदा लीजेंड और कल्याणपुरा के मध्य हुआ। जिसमें कल्याणपुरा ने पहले बैटिंग करते हुए 3 ओवर में 54 रन बनाए और नागदा 35 रन ही बना पाई। इस प्रकार कल्याणपुरा तीसरी टीम विजेता रहीं।

फाइनल मुकाबला एसडी रतलाम और झाबुआ का हुआ। जिसमें झाबुआ की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 8 ओवर में 126 रन का लक्ष्य दिया। रतलाम में लक्ष्य हासिल कर लिया और

### विजेता टीमों और खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

राहुल एवं मनीष कुशलगढ़, समाज क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष शशिकांत पलवार, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेष बिट्टू सिंगार उपस्थित रहे। जिनके द्वारा विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें प्रथम पुरस्कार और ट्रॉफी 15015 रूपए एसडी रतलाम को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार और ट्रॉफी गोपाल पिता बद्रीलाल मारवाड़ी उमरकोट की तरफ से 7777 रूपए झाबुआ टीम को प्रदान किया गया। तीसरा इनाम राहुल पंवार कुशलगढ़ की तरफ से 3333 रूपए कल्याणपुरा टीम को दिया गया। दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने हेतु समाज की ओर से सभी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोगियों की प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

फाइनल में रतलाम एसडी टीम विजेता और उपविजेता झाबुआ रहीं। मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बॉलर का पुरस्कार शैलेंद्र मोठिया को प्रतीक चिन्ह और राशि 2200 रूपए जैकी पिता प्रवीण मोठिया द्वारा दिया गया। *यह रहे अतिथि* - प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में समाज के वरिष्ठ नटवरलाल मोठिया भगोर, भूपेंद्रसिंह परिहार धार, प्रकाश पलवार बाग, बद्रीलाल मारवाड़ी उमरकोट, सुरेश परिहार सारंगी, विरेन्द्र बारोट झाबुआ, बद्रीलाल पंवार थांदला, जेकी मोठिया थांदला।

# समय-सीमा पत्रों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की

**शिकायतों को नॉन अटैंडेंट रखने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश**

**समस्त विभाग को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करने के दिए निर्देश**




**आलीराजपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर माथुर ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी विभाग 'ए' ग्रेड में आना सुनिश्चित करे।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) वीरेंद्र बघेल, तपीस पांडे, निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर निर्मला कलमे सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर माथुर ने स्पष्ट किया कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग की लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लोक सेवा गारंटी अधिनियम में लंबित प्रकरण पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए।

> बैठक में कलेक्टर माथुर ने जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी योजना,जल गंगा संवर्धन अभियान, पीएम मातृ वंदना योजना, गेहूं उपार्जन किसान पंजीयन एवं आकांक्षी ब्लॉक में संपूर्णता अभियान की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर माथुर ने ई-केवाईसी की जनपदवार समीक्षा कर समस्त जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि ई- केवाईसी को गंभीरता से ले। कोई भी हितग्राही ई-केवाईसी ना होने के कारण लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने समस्त विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी फाइल ऑनलाइन माध्यम से प्रेषित करे। सभी विभाग अपने विभागीय काम भी ई-ऑफिस के माध्यम से करना सुनिश्चित करे।

बैठक में कलेक्टर नीतू माथुर ने 'संकल्प से समाधान' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी समय में आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। धरती आबा ग्राम जनजाति उत्कर्ष अभियान अंतर्गत समग्र आईडी एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए समस्त जनपद पंचायत सीईओ एवं सीएमओ को शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी सत्र में प्रवेश की तैयारी की समीक्षा करते हुए डीपीसी को निर्देशित किया कि नवीन सत्र में कोई भी विद्यार्थी नामांकन से वंचित न रहे।



# संतोष वर्मा पुन: जिला समन्वयक चुने गए

**आलीराजपुर नि.प्र.।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ आलीराजपुर में जिला समन्वय समिति आलीराजपुर का पुनर्गठन किया गया, जिसमें संतोष वर्मा पुन: जिला समन्वयक चुने गये। सह-समन्वयक पदेन रणछोड़ राठौड़, सह-समन्वयक रिपोर्टींग प्रदीप कनेश, मण्डल विस्तार ग्यारसीलाल भाटिया, नारी जागरण सारिका सक्सेना, आओ गड़े संस्कारवान पीढ़ी वंदना वाणी, युवा जोड़ो अभियान सोमसिंह डावर, भारतीय संस्कृति ज्ञान परिक्षा राहुल अरोड़ा, साधना एवं स्वाध्याय सरोज टवली, पर्यावरण एवं जल संरक्षण कृष्णा सोलंकी, शिक्षा एवं बाल संस्कार शाला गायत्री वाणी, स्वावलंबन एवं शिक्षण-प्रशिक्षण सुबलसिंह मौर्य, नशामुक्ति कुरीति उन्मूमलन एवं आदर्शन ग्राम रमेश निंगवाल, साहित्य एवं पत्रिका विस्तार केसर राठौड़, स्वास्थ्य आंदोलन प्रभारी रामलाल तोमर बनाये गये। शताब्दी अनुयाज कार्यक्रम की मासिक समीक्षा के लिए पांच सदस्य जिला शताब्दी अनुयाज कार्यक्रम समिति बनाई गयी, जिसमें संतोष वर्मा, भूरिंसह भिंडे, कीर्ति भरत राठौड़, शिवराज वर्मा, देवेन्द्र सिंह भयड़िया का चयन किया गया। समिति के पूनर्गठन के पूर्व मुख्य अतिथि उपजोन प्रभारी इन्दौर कृष्णा शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ जोबट के व्यवस्थापक शिवनारायण सक्सेना एवं जिला समन्वयक संतोष वर्मा ने देवपूजन किया। अतिथीयों का ट्रस्टीयों ने तिलक एवं पुष्पमाला से सम्मान किया।

> उपजोन प्रभारी कृष्णा शर्मा ने बताया कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए अभियान का संचालन करने के लिए उत्तरदायित्व सोंपे जाते है, ताकि संगठन का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे। इसी परपेक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय गायत्री परिवार के 15 आंदोलन को चलाने के लिए प्रभारी नियुक्त कर उत्तरदायित्व सौंपा गया। शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि परमपूज्य गुरूदेव पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य का साहित्य घर-घर पहुंचा देवे, स्वाध्याय करेंगे। उनके जीवन में आमूल चूल परिवर्तन आयेगा। हमें गुरूदेव का साहित्य घर-घर पहुंचाना है। गुरूदेव ने कहा कि मैं मूर्ति नहीं पुस्तक हुॅ, मुझे पूजिये नहीं। जिसका व्यक्ति स्वाध्याय करके वर्तमान में हो रहे अनास्था संकट, लड़ाई-झगड़ा, गृह कलेश धीरे-धीरे समाप्त होकर व्यक्ति खुशहाल जीवन जीने लगेगा।

# भाजपा मंडल झाबुआ के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**झाबुआ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया के मार्गदर्शन में जिला भाजपा के सहयोग से भाजपा मंडल झाबुआ द्वारा स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित अंबा पैलेस पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण सत्र का समापन 14 मार्च, शनिवार शाम को हुआ।समापन सत्र के मुख्य वक्ता और अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दौलत भावसार के साथ मंच पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक मनचासीन रहे। मुख्य वक्ता वरिष्ठ



भाजपा नेता दौलत भावसार ने प्रशिक्षण

वर्ग में भाजपा की रीति-नीति से अवगत करवाने के साथ संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई। श्री भावसार ने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी मिलकर पार्टी को मजबूत और सक्रिय बनाने का प्रयास करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश वसुनिया एवं विजय चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय नायर, कीर्ति भावसार, लक्ष्मणसिंह नायक, ओमप्रकाश शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा, समर्थ उपाध्याय, जिला कार्यालय मंत्री मनोहर मोदी, जिला सह-कोषाध्यक्ष अर्पित कटकानी, मंडल पदाधिकारियों में राजेश थापा, रवि थापा, शोभा कटारा, नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेष बिट्टू सिंगार, बीजेपी एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक मनोज अरोरा, राजा ठाकुर, जयेंद्र बैरागी, शरतचन्द्र शास्त्री सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण और प्रमुखजन उपस्थित थे।

**एक नजर** | रायपुरिया में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का सामूहिक विवाह सम्मेलन

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 154 जोड़ें बंधे विवाह के बंधन में

**पेटलावद। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन एवं उपसंचालक पंकज साँवले और जनपद सीईओ पेटलावद गौरव जैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जनपद पंचायत पेटलावद, मेघनगर एवं थांदला क्षेत्र के कुल 154 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे।**





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया और कलेक्टर नेहा मीना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत पेटलावद के अध्यक्ष रमेश सोलंकी ने की। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने सभी नवदंपत्तियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए और सभी पात्र हितग्राहियों को इसका शत-प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने कहा कि विवाह, नव दम्पति के लिए नई जिम्मेदारी की शुरुआत तथा नव वधु के लिए परीक्षा की घड़ी होती है। विवाह पश्चात कन्या नव पारिवारिक वातावरण में जाती है अत: उसे घुलने मिलने के लिए पूरे परिवार का सहयोग चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कर्मचारियों की सराहना की।

कलेक्टर मीना ने सभी जोड़ों के सुखी एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त की। उन्होंने नव विवाहित जोड़ों को कहा कि विवाह होने पर आप पूरे परिवार से जुड़ते है। एक महिला विवाहित होने पर बेटी, बहु एवं माँ के रूप में अनेक रिश्ते निभाती है। नव दम्पति जिम्मेदारी लेते हुए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े।

> सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक पंकज सांवले ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की जानकारी देते हुए बताया कि विवाह के पश्चात प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी, जो नवविवाहित दंपत्तियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान के साथ अग्नि के समक्ष सभी जोड़ों का वैवाहिक संस्कार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नवदंपत्तियों को सुखी, समृद्ध और मंगलमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया एवं कलेक्टर नेहा मीना द्वारा नव दम्पत्तियों के बीच जाकर उन्हें आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी गई। अंत में सभी नवदंपत्तियों को भोजन पैकेट वितरित किए गए। जनपद सीईओ पेटलावद श्री गौरव जैन ने कार्यक्रम का आभार प्रकट किया।उल्लेखनीय है कि जिले में सामुहिक विवाह कार्यक्रम अंतर्गत जनपद झाबुआ में 108, रामा एवं राणापुर में 176, जनपद मेघनगर एवं थांदला में 194, जनपद पेटलावद में 154 इस प्रकार कुल 632 जोड़ो का सामुहिक विवाह सम्पन्न किया गया तथा प्रत्येक जोड़ो को राशि 49000 के मान से 3,09,68,000 राशि खाते में अंतरित की जाएगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं मंडल अध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद सुश्री तनुश्री मीणा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। झलकियां टेंट कम लगे गए ग्रामीण धूप मे बहर खड़े रहे